पुस्तकालय

1
3071
6/4/10

सत्यमेव जयते

असंशोधित

16 MAR 2010

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्र०सं० 517 तिथि 01-4-10

टर्न-५/१६-०३-१०/विजय

तारांकित प्रश्न संख्या-७०४ (श्री अनिल सिंह)

श्री हरि नारायण सिंह,मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का जो प्रश्न उसका उत्तर मैं दे रहा हूं।

१- आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । बेलहर प्रखंड की साक्षरता दर पुरूष ५७.२८ महिला २७.०३ ।

अध्यक्षः नवादा जिला का मामला है ये ।

[व्यवधान]

माननीय मंत्री जी इसको अभी स्थगित करते हैं इसको तैयार कर के आइयेगा अगली तिथि को जवाब दीजियेगा ।

श्री अनिल सिंहः महोदय, इसको स्थगित किया जाय ।

अध्यक्षः इस प्रश्न को स्थगित किया अगली तिथि को माननीय मंत्री तैयार हो आयेगे, इसका जवाब देंगे ।

तारांकित प्रश्न संख्या-७०५ ( श्री राज किशोर केशरी)

श्री विजेन्द्र प्र० यादव,मंत्रीः १- उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

पूर्णिया कोर्ट कम्पाउंड स्थिति वस्तुस्थिति यह है कि कुली १४ कमरा उत्पाद विभाग को पचास वर्षो से आवंटित है । इसमें पूरब रूख का ८ कमरा आरक्षी मध्य विद्यालय द्वारा कब्जा कर लिया गया है । दक्षिण रूख से ६ कमरा उत्पाद मालखाना एवं जिला में हाजत नहीं रहने के कारण हाजत के रूप में यदा कदा व्यवहार किया जाता है ।

२- उत्तर अस्वीकारात्मक है । कैदखाने में ही विद्यालय को बिना उत्पाद विभाग की अनुमति प्राप्त किये चलाया जा रहा है जिससे उत्पाद विभाग के कार्य में कठिनाई हो रही है । उत्पाद के आरक्षियों द्वारा विभागीय हाजत के अभाव में यदा कदा उत्पाद अभियुक्तों को रात्रि में रखा जाता है तथा दिन में अग्रेतर कार्रवाई कर अभियुक्तों को वहां से हटा दिया जाता है । इससे विद्यालय के पठन पाठन में कोई व्यवधान नहीं होता है ।

३- प्रश्न संख्या १ और २ के उत्तर में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है । यह संपूर्ण परिसर लोक निर्माण विभाग द्वारा उत्पाद विभाग को आवंटित है तथा विभाग के पास कोई दूसरा स्थान नहीं है । मध्य विद्यालय को ही अन्यत्र स्थानान्तरित करने की आवश्यकता है । अतः इसे स्थानान्तरति करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

श्री राज किशोर केशरीः अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मंत्री महोदय से हम जानना चाह रहे हैं मंत्री जी का जवाब सुन रहे हैं कि उत्पाद विभाग का ही वह कार्यालय था जिसमें कि स्कूल खोल दिया गया और स्कूल चल रहा है । उसी में कैदखाना भी चल रहा है। या तो दो में से एक को अलग कीजिये । दोनों एक में कैसे चलेगा ?